सार-समाचार

युवक 20 फीट ऊंचाई से गिरा

कोटा, (निसं)। रामपुरा शमशान के पीछे रिवर फ्रंट के हिस्से में रेलिंग नहीं लगाने के चलते एक व्यक्ति 20 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गया। उसके सिर में गंभीर चोट है और बेहोशी की हालत में उसे एमबीएस अस्पताल के न्यूरो आईसीयू में भर्ती कराया गया है। रामपुरा कोतवाली के थानाधिकारी हंसराज मीणा का कहना है कि शमशान के पीछे औघड़ की बगीची के नजदीक ये हादसा हुआ है। वल्लभबाड़ी राजीव गांधी कच्ची बस्ती निवासी तुलसीराम बैरवा रिवर फ्रंट देखने के लिए गया था। उसे ठीक से दिखाई नहीं देता था। इस कारण वो ऊंचाई से नीचे गिर गया। फिलहाल वो अस्पताल में भर्ती है। तुलसीराम बैरवा के भाई सतीश का कहना है कि तुलसीराम बैरवा अपने पड़ोसी के अंतिम संस्कार के लिए रामपुरा शमशान घाट गया था। इस श्मशान घाट के पिछले हिस्से में ही रिवरफ्रंट का निर्माण करवाया गया है। वो रिवर फ्रंट के निर्माण को देख रहे थे इस दौरान वह नीचे गिर गए। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट लगी है। साथ ही छाती की पसलियां भी टूट गईं और पैर में भी फैक्चर हुआ है। जैसे-तैसे उन्हें एमबीएस अस्पताल में भर्ती करवाया है। सतीश का कहना है कि करोड़ों के रिवर फ्रंट का निर्माण करवाया है लेकिन पीछे की तरफ रेलिंग लगी होती तो यह हादसा नहीं होता। सतीश ने बताया कि इन्फेक्शन से तुलसीराम की एक आंख की रोशनी चली गई थी। दूसरी आंख से भी उन्हें कम दिखता था। वह सब्जीमंडी में हम्माली करके अपने परिवार का पालन करता है। उनकी पत्नी सरोज आसपास के घरों में झाड़ू पोछा करती है। उसके तीन बच्चे सनी, अजय और लखन भी छोटा-मोटा रोजगार करते हैं।

लूट की घटना झूठी निकली

झालावाड़, (निसं)। मण्डावर थाना क्षेत्र में शनिवार को महिला को चाकू लगा दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मंगलसूत्र लूटने की घटना पुलिस जांच में झूंठी निकली। फरियादी ने पत्नी के चरित्र पर शक के चलते प्रेमी के बारे में जानने के लिए ब्लेड से गले पर कट लगाया था। हालत गंभीर होने पर डर से पुलिस में लूट की झूठी रिपोर्ट दर्ज करा दी। एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि पुलिस ने घटना का 12 घंटे में खुलासा कर आरोपी पति सुशील बैरागी पुत्र बजरंग लाल (34) निवासी तुंगनी थाना मंडावर को कोटा के रामगंज मंडी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने रविवार को थाना मण्डावर पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि तीनधार बड़बेला रोड पर बाइक पर आए दो अज्ञात बदमाशों ने उनकी बाइक रूकवाई और पत्नी के गले पर चाकू रख मंगलसूत्र लूट कर जंगल में भाग गए। एसपी तोमर ने बताया कि मामले की खुलासे के लिए उन्होंने एडिशनल एसपी चिरंजीलाल मीणा व सीओ तरुण कांत सोमानी के सुपरविजन और एसएचओ शरीफ अहमद के नेतृत्व में टीम गठित कर आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस ने परिवादी की पत्नी दिलखुश बाई से अनुसंधान के बाद मामले का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि आरोपी सुशील बैरागी करीब एक साल से अपने पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। रविवार को प्रेमी के बारे में जानने के लिए शुशील ने पत्नी के गले पर ब्लेड से कट लगा दिया और डराया धमकाया। लेकिन गले पर कट लगने पर गंभीर घायल होने जाने पर वह घबरा गया और उसे एंबुलेंस से अस्पताल ले गया। बाद में घटना की झूंठी रिपोर्ट दर्ज कराई।

चौमुखा बाजार में रहती है जाम की स्थिति

बून्दी, (निसं)। शहर के सबसे व्यस्त बाजार चौमुखा बाजार में यातायात कर्मियों की लापरवाही के चलते दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती हैं। चौमुखा बाजार से चौगानगेट को जोड़ने वाली स्टेशनरी व पंसारी बाजार में चौपहिया व तीपहिया वाहनों का प्रवेश बंद होने के बावजूद चौपहिया व तीपहिया वाहन प्रवेश कर जाते हैं। जिनके चलते यहां चक्का जाम की स्थिति बन जाती हैं। सघन यातायात वाले इस बाजार में एक भी में चौपहिया व तीपहिया दुपहिया वाहनों की रेलमपेल करने में पर्याप्त होता हैं। कई मर्तबा वाहन चालकों व दुकानदारों के बीच तू तड़ाक की स्थिति बन जाती है।स्थानीय दुकानदारों का कहना हैं कि इस बाजार में पूर्व में पुलिस व प्रशासन द्वारा एक तरफा यातायात की व्यवस्था करते हुए चौपहिया व तीपहिया वाहनों का प्रवेश बंद किया गया था। लेकिन अधिकारियों के बदलने के साथ यह व्यवस्था भी बदल जाती हैं। जानकारी के अनुसार चौमुखा बाजार व चौगान गेट पर यातायात कर्मी नियुक्त गया हैं। लेकिन ड्यूटी प्वाइंट पर कार्मिक के नहीं होने का फायदा वाहन चालक उठाते हैं, जिससे जाम बना रहता हैं। वहीं चौगान गेट के बाहर भी दिनभर अव्यवस्थित वाहनों की पार्किंग बडी समस्या हैं।

कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

बारां, (निसं)। फ्रेंड्स महिला क्लब द्वारा कोटा रोड स्थित निजी रेस्त्रां में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। संस्थापिक अध्यक्ष सपना गोयल ने बताया क्लब की महिलाएं द्वारा कार्यक्रम में नंदलाला कृष्ण की झांकी बनाए गई एवं पालना झुलाया गया। साथ ही नन्हे मुन्ने, बच्चे राधा कृष्ण बनकर आए और बहुत ही शानदार डांस की प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान मटकी फोड़ी वह माखन खाया। उसके बाद महिलाओं द्वारा भी एक से बढ़कर एक शानदार डांस की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को क्लब की तरफ से परितोषित दिए गए। कार्यक्रम में जेशु मंगल, निकिता गुप्ता, मोना जैन, निधि गेरा, विमला राठौर, रश्मि गुप्ता, मीनाक्षी सिंघल, मिथलेश राठौर, स्वेता अदलक्खा, हंसिका गुप्ता, काव्या अदलक्खा, कल्प खडेलवाल आदि ने भी शानदार प्रदर्शन किया।

सीपी जोशी कोटा प्रवास पर

कोटा, (निसं)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी 12 से 13 सितम्बर तक प्रस्तावित चम्बल रिवर फ्रंट एवं सिटी पार्क के लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लेंगे। अतिरिक्त कलक्टर शहर बृजमोहन बैरवा ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष 12 सितम्बर को चम्बल रिवर फ्रंट एवं 13 सितम्बर को सिटी पार्क के लोकार्पण समारोह में भाग लेंगे तथा 13 सितम्बर को प्रात: 10 बजे कोटा से नाथद्वारा के लिए प्रस्थान करेंगे।

'अभियान चलाकर निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता जांचें'

बूंदी, (निसं)। पानी, बिजली, मौसमी बीमारियों संबंधी साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में जिला कलेक्टर कक्ष में आयोजित हुई।

बैठक में जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि तालेड़ा क्षेत्र के जिन मतदान केन्द्रों पर पेयजल एवं बिजली की सुविधा नहीं है वहां व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। उन्होंने निर्देश दिए जिले में संचालित निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जावे। इसके लिए आगामी 7 दिवस में विशेष अभियान चलाकर इन कार्यों की गुणवत्ता की जांच की जावे।

उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालयों में नामांकन बढ़ाया जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालयों में स्वीप कार्यक्रम के तहत अधिकाधिक मतदाता जागरूकता गतिविधियां करवाई जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि इलेक्शन अवेयरनेस वॉल पेंटिंग जिले के सभी विद्यालयों में बनाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में विद्युत ट्रांसफार्मर वितरण का कार्य वरियता सूची के

पानी, बिजली, मौसमी बीमारियों संबंधी साप्ताहिक समीक्षा बैठक को जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

अनुसार ही हो। उन्होंने निर्देश दिए कि लो वोल्टेज की समस्या नहीं रहे, इसका समाधान हो। जिला कलेक्टर ने नगर परिषद आयुक्त को निर्देश दिए कि कजली तीज मेला परिसर में बिजली, सुरक्षा एवं सफाई का विशेष ध्यान रखा जावे। इसके अलावा शहर के व्यस्ततम बाजारों में रात्रिकालीन सफाई करवाई जावे। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि डेंगू की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों को और अधिक गति दी जावे। साथ नियमित रूप से फॉगिंग करवाई जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने संस्थानों में अभियान चलाकर कूलर, पानी टंकियों की साफ सफाई करवाई जावे। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल, अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) नवरत्न कोली, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ओपी सामर, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता डीएन व्यास, सार्वजनिक निर्माण के अधीक्षण अभियंता वीके जैन, नगर परिषद आयुक्त मोतीलाल नागर आदि मौजूद रहे।

विद्यालय में पंखे भेंट किए

कोटा, (निसं)। अखिल भारतीय मारवाड़ी समिति सुगंधा शाखा द्वारा सामाजिक सरोकार के अनेक कार्य किए जा रहे हैं, जहां भी आवश्यकता होती है वहां अपनी क्षमताओं के अनुसार सेवा कार्य किए जा रहे हैं। सोमवार को राजकीय कन्या विद्यालय में पंखे भेंट किए गए। अध्यक्ष रेखा शारदा, सचिव अंजना शारदा ने बताया कि प्रचंड गर्मी में पंखों की बेहद आवश्यकता को ध्यान में रखते।

प्रकाश उत्सव 17 सितंबर को

कोटा, (निसं)। सिखों के धर्म ग्रंथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब का प्रथम प्रकाश उत्सव 17 सितंबर को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। गुरुद्वारा आरकेपुरम के तत्वाधान में होने वाले इस आयोजन के तहत कार्यक्रम 15 सितंबर से प्रारंभ हो जाएंगे। गुरुद्वारा आरके पुरम के प्रधान सरदार मनिंदर सिंह सब्बरवाल ने बताया कि आयोजन के तहत चल रहे सहज पाठ साहिब की समाप्ति 15 सितंबर को होगी। 16 सितंबर को रात 8 से 10.30 बजे तक गुरुद्वारा साहिब परिसर में रात्रिकालीन दीवान का आयोजन होगा। मुख्य आयोजन 17 सितंबर को सुबह 9.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। इसमें गुरुद्वारा बंगला साहिब दिल्ली के भाई सतविंदर सिंह सरताज, गुरुद्वारा साहब आईएल के ज्ञानी गुरमीत सिंह तथा गुरुद्वारा साहिब आरके पुरम के ज्ञानी भाई करमजीत सिंह के रागी जत्थे शबद कीर्तन करेंगे। गुरुद्वारा शीशगंज साहिब दिल्ली से पधार रहे सिंह साहिब ज्ञानी हरनाम सिंह जी कथा के माध्यम से सबको सिख गुरुओं के बताए रास्ते पर चलने को प्रेरित करेंगे। मुख्य दीवान के साथ 17 सितंबर को गुरु के लंगर का आयोजन भी किया जाएगा।

सीएफसीएल को मिला भामाशाह सम्मान

कोटा, (निसं)। राजस्थान सरकार द्वारा 27वां राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह राजधानी जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजस्थान के अनेक भामाशाहों को शिक्षा में प्रशंसनीय योगदान करने पर सम्मानित किया गया।

हर साल की भांति इस साल भी सम्मान समारोह में चम्बल फर्टिलाईजर्स एण्ड केमिकल्स लिमिटेड, गढ़ेपान को शिक्षा के क्षैत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शिक्षामंत्री बी.डी. कल्ला, राजस्थान सरकार एवं नवीन जैन सचिव शिक्षा विभाग, काना राम डायरेक्टर सेकेंडरी एजुकेशन, टी शुभमंगला, स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर समसा, डॉ. अनिल कुमार, ए.एस.पी.डी. समसा ने राज्य स्तरीय सम्मान "शिक्षा विभूषण" से सम्मानित किया है। कम्पनी के प्रतिनिधि एवम सीएसआर हैड विकास भाटिया एवं प्रोग्राम मैनेजर योगेन्द्र वर्मा ने यह सम्मान ग्रहण किया। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने में सीएफसीएल का नाम राजस्थान की शीर्ष 5 कंपनियों में आता है। कम्पनी को पिछले 5 से 6 सालो से राजस्थान सरकार द्वारा भामाशाह सम्मान दिया जा रहा है। कम्पनी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्यो के लिए समय समय पर सरकार द्वारा कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है जिसमें तीसरा राजस्थान सीएसआर समीट, बीटी सीएसआर, आईसीसी, फिक्की सीएसआर, भामाशाह, सीएसआर प्रोजेक्ट ऑफ द ईयर आदि पुरस्कार शामिल है। सर्व विदित है कि चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड अपने सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, स्पोर्ट्स प्रमोशन, सस्टेनेबल एग्रीकल्चर और डिजास्टर मैनेजमेंट के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। चम्बल फर्टिलाईजर्स एण्ड केमिकल्स लिमिटेड, गडेपान अपने सामाजिक सरोकार के तहत कोटा एवं बारां के 54 सरकारी विद्यालय, 47 आंगनवाडी, 5 आई.टी.आई., 1 पॉलिटेक्निक कॉलेज, 4 व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र और एक स्किल डेवलपमेंट सेंटर तथा आस-पास के गांव शामिल किए है। कम्पनी शिक्षा विभाग के साथ इन विद्यालयों को एक मॉडल क्लस्टर के रूप में परिवर्तित करने का लगातार कार्य कर रही हैं, जिसका परिणाम बोर्ड रिजल्ट और कई अन्य प्रतियोगिताओं में बच्चों के अच्छे प्रदर्शन के रूप में परिलक्षित हो रहा है। कम्पनी ने विद्यालयों में नये कक्षा कक्ष, छात्र-छात्राओं के लिए शौचालय, स्टॉफ शौचालय, शुद्ध पेयजल, खेल मैदान, बगीचा, खेल कूद के सामान, पाथवे, स्मार्ट क्लासेज, कम्प्युटर शिक्षा, साइंस लैब, मिनी साइंस सेंटर, रिमेडियल क्लासेस, इन्वर्टर, फर्निचर, बास्केटबॉल व बैडमिंटन कोर्ट, अध्यापकों के लिए टेबल कुर्सी, स्वेटर, बैग, शूज व स्टेशनरी आदि उपलब्ध कराये है। वहीं खेलों को बढ़ावा देने के लिए स्पोर्ट्स डेवलपमेंट सेंटर्स बनाए जा रहे हैं।

उद्यमियों की समस्याओं का होगा त्वरित समाधान : उद्योग मंत्री

कोटा, (निसं)। उद्योग, वाणिज्य, राजकीय उपक्रम एवं देवस्थान विभाग मंत्री शकुंतला रावत ने कोटा प्रवास के दौरान सोमवार को पुरूषार्थ भवन, गोबरिया बावड़ी सर्किल पर उद्यमियों के साथ संवाद किया। उन्होंने उद्यमियों की समस्याओं और सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना और समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

एसएसआई एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उद्योग मंत्री ने कहा कि उद्यमियों का सशक्तीकरण एवं सम्बलन विभाग का दायित्व है, उनकी परेशानियों एवं समस्याओं का यथासंभव अविलम्ब हल निकाला जाएगा। उन्होंने 14 सितम्बर को उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण के लिए जयपुर में बैठक भी मौके पर ही तय कर दी और कहा कि वहां उद्यमियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श कर उन्हें हल दिया जाएगा। अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि बेवजह प्रकरणों को लम्बित नहीं रखा जाऐं। उद्योग मंत्री ने राज्य सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किए गए हैं, कार्य भी ऐसे हुए हैं जो अपने आप में अनूठे हैं। चिकित्सा, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, रोजगार, महिला सशक्तीकरण जैसे क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्यों की बदौलत आज राजस्थान मॉडल स्टेट बन गया है। देवस्थान विभाग द्वारा भी गोविन्द देव जी, कैला देवी, गोगामेढी, खाटू श्याम एवं अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों पर विकास कार्य कराए गए हैं। कोटा के विषय में उन्होंने कहा कि नगरीय विकास मंत्री श्री शांति धारीवाल की ने जिस खूबसूरती से इस शहर को हेरिटेज लुक दिया है उससे कायापलट हो गई है। शहर का नक्शा ही बदल गया है। यहां कला के विविध रूप दूसरे प्रमुख शहरों पर भारी पडते लगते हैं। यह विकास कोटा को विकास के नए आयाम देगा। एसएसआई के संस्थापक अध्यक्ष गोविन्द राम मित्तल ने औद्योगिक समस्याओं की ओर ध्यान खींचा, उन्होंने कोटा में एयरपोर्ट, होटल एवं हॉस्टल को एमएसएमई उद्योगों का दर्जा देने, रीको द्वारा आवंटित भूखण्डों में फ्री होल्ड सर्विस देने सहित अन्य मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट कराया। एसएसआई अध्यक्ष अनिल सिंघल, व्यापार महासंघ के महासचिव अशोक माहेश्वरी सहित अन्य पदाधिकारियों ने उद्योग मंत्री का स्वागत किया एवं विचार व्यक्त किए। महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र राजीव गर्ग एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उद्योग मंत्री ने डीसीएम का विजिट किया-उद्योग मंत्री ने सोमवार को श्रीराम फर्टीलाईजर्स एण्ड कैमीकल उद्योग का विजिट किया एवं प्रबन्धकों से चर्चा की। उन्होंने प्रबन्धन से नए उद्योग लगाने का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि सरकार की ओर से इसमें पूर्ण सहायता एवं सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

बैठक आयोजित

कोटा, (निसं)। आगामी 20 सितंबर को सनाढ्य ब्राह्मण समाज कोटा द्वारा आयोजित गुरु वशिष्ठ प्राकट्य महोत्सव के आयोजन के अंतर्गत शहर में सनाढ्य ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों की बैठकों का आयोजन किया गया सनाढ्य ब्राह्मण उत्थान समिति आरके पुरम, सनाढ्य पंचायत तढ मिश्रान, सनाढ्य पंचायत ताड़ औढपुरा, सनाढ्य समाज महावीर नगर द्वितीय की बैठके आयोजित हुई जिसे संबोधित करते हुए कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक सनाढ्य समाज के परिवार की सहभागिता से इस बार का आयोजन ऐतिहासिक होगा जिस प्रकार सनाढ्य ब्राह्मण समाजबंधुओ में उत्साह का वातावरण है और समाज के सभी संगठन एकजुट होकर जिस प्रकार तैयारी में जुटे हैं इससे कार्यक्रम की सफलता में कोई शंका नहीं है।

परिवर्तन यात्रा को लेकर बैठक

छबड़ा, (निसं)।भाजपा केंद्रीय संगठन द्वारा छबड़ा विधानसभा के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक व हिमाचल प्रदेष के बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र षौरी ने सोमवार को छबड़ा पहुंचकर भाजपा कार्यालय पर परिवर्तन संकल्प यात्रा व विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर चर्चा की। इस अवसर पर विधायक प्रतापसिंह सिंघवी भी मौजूद रहे। विधायक षौरी ने बताया कि वह इस विधानसभा में 17 सितंबर तक रहेगें और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे द्वारा निकाली जा रही परिवर्तन संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए गांव-गांव, ढ़ाणी-ढ़ाणी पहुंचकर जनसंपर्क कर ग्रामीण व आमजन से यात्रा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील करेगें।

अपनी कमियों पर काम करें, सफलता जरूर मिलेगी : जया किशोरी

कोटा, (निसं)। अपनी कमियों को ठीक करें, उन पर काम करें, सफलता जरूर मिलेगी। यह कहा कथावाचक और मोटिवेशनल स्पीकर जया किशोरी ने। वे सोमवार शाम मोशन एजुकेशन के द्रोणा-2 कैम्पस में मोटिवेशनल टॉक शो के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित कर रहीं थीं। जया किशोरी ने मोटिवेशनल स्पीच के साथ ही बच्चों के कई सवालों के जवाब भी दिए। यह सवाल बच्चों की ओर मोशन सीईओ नितिन विजय ने पूछे।

कार्यक्रम की शुरुआत में मोशन एजुकेशन के चेयरमैन सुरेंद्र विजय, डायरेक्टर सुशीला विजय और डॉ. स्वाति विजय ने उनका स्वागत किया। समारोह में पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी और अतिरिक्त जिला कलक्टर राजकुमार सिंह भी मौजूद थे। जया किशोरी ने कहा कि यदि आपको पता है कि आपके अंदर कोई बुराई या कमी है और आप उसको ठीक नहीं कर रहे हैं तो इससे बुरी बात कुछ नहीं हो ही नहीं सकती है। यही आपको सफलता

कोटा में जया किशोरीजी का टॉक शो आयोजित हुआ।

से दूर ले जाती है और अगर आप अपनी कमी को ठीक नहीं करेंगे तो सफलता कभी नहीं मिलेगी।

मेरे जीवन की सीख है कि जब कोई काम करो तो ऐसा करो कि सारा ध्यान उसी पर हो। इतना अभ्यास करो कि आप उस क्षेत्र के राजा बन जाएं, फिर आपसे आगे उस क्षेत्र में कोई ना हो। उन्होंने कहा कि जीवन में हमारा सीखा ही काम आता। इसलिए लर्निंग महत्वपूर्ण है, नंबर मायने नहीं रखते। स्वास्थ्य जरूरी है। इसके लिए फिजिकल एक्टिविटी और सात्विक खाना जरूरी है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए अच्छे विचार जरूरी है। अध्यात्म की ओर जाएं। प्रकृति, डिवाइन पावर से कनेक्ट हों। इससे आपको ऊर्जा मिलेगी। होश मिलेगा, जोश मिलेगा। नेम, फेम जीत नहीं है। मेरे हिसाब से विनर वह है जो खुश हैं। आप कर्म करो, मेहनत करो, उसके बाद को होगा अच्छा होगा।

जया किशोरी ने ये भी कहा कि संघर्ष एक ऐसी चीज है जो आपको हमेशा सफलता की ओर ले जाती है। मुझे नहीं लगता कि आपको संघर्ष के बिना स्थाई रूप से कामयाबी मिल सकती है। शॉर्टकट वाले रास्ते भी आपको कामयाबी दिला सकते हैं लेकिन वह कुछ समय तक ही रहती है। समारोह में ज्वाइंट डायरेक्टर रामरतन द्विवेदी, डिप्टी डायरेक्टर निखिल श्रीवास्तव, वाइस प्रेसिडेंट शिवप्रकाश विजय अंकित लाहोटी, कंटेंट हेड जयंत चितौड़ा भी उपस्थित थे।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री भंवर सिंह आत्मज श्री अमर सिंह जी आयु 70 वर्ष जाति राजपूत निवासी मकान नम्बर 172-B केशवपुरा सेक्टर 6 कोटा (राज.) जिनका पुत्र बने सिंह पुत्र श्री भंवर सिंह एवं उसकी पत्नी श्रीमती राजेश कंवर पत्नी श्री बने सिंह जो कि आए दिन मेरे पक्षकार के साथ गाली गलौच, लड़ाई झगड़ा करके शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित करते है तथा आए दिन परेशान करते है, इस कारण मेरे पक्षकार ने उनके पुत्र बने सिंह एवं उसकी पत्नी श्रीमती राजेश कंवर को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करके अपने संबंध समाप्त कर लिए है, तथा मेरे पक्षकार का उनके पुत्र बने सिंह एवं उसकी पत्नी श्रीमती राजेश कंवर से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं रहा है, यदि भविष्य में कोई भी व्यक्ति मेरे पक्षकार के पुत्र बने सिंह एवं उसकी पत्नी श्रीमती राजेश कंवर से किसी प्रकार का कोई लेन-देन, संव्यवहार आदि करता है तो उसके लिए मेरा पक्षकार जिम्मेदार नहीं होगा। कृपया सूचित हो।

कोटा,
दिनांक : 11.09.2023

भवदीय
आशीष माहेश्वरी एडवोकेट
कोटा (राज.), मो. 9511571949

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-1245 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-11.9.23

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर व्यावसायिक योजना के भूखंड संख्या 118 का आवंटन मैसर्स जगदीश रोड लाईन्स प्रो. श्री जगदीश प्रसाद को आवंटन पत्र क्रमांक 462 दिनांक 03.05.2001 को आवंटन किया गया था। आवंटी श्री जगदीश प्रसाद पुत्र श्री रामचन्द्र द्वारा उक्त भूखंड का मुख्तारआम श्री सुनील कुमार मेहता पुत्र श्री घनश्याम मेहता को मुख्तारआम नियुक्त किया गया है। मुख्तारआम श्री सुनील कुमार मेहता पुत्र श्री घनश्याम मेहता द्वारा उक्त भूखंड संख्या 118 ट्रांसपोर्ट नगर व्यावसायिक योजना को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 05.08.2015 से श्री ज्ञानेश गुप्ता पुत्र श्री मोतीलाल गुप्ता को विक्रय कर दिया है। क्रेता श्री ज्ञानेश गुप्ता पुत्र श्री मोतीलाल गुप्ता के द्वारा नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड 118 ट्रांसपोर्ट नगर व्यावसायिक योजना का हस्तान्तरण श्री ज्ञानेश गुप्ता पुत्र श्री मोतीलाल गुप्ता के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2023/22504 दिनांक: 4.9.23

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती आशा चौबे पत्नी श्री आर.सी. चौबे (चन्द्रशेखर आर.चौबे) निवासी भूखंड संख्या सी-287 इन्द्र विहार आवासीय योजना कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या सी-287 इन्द्र विहार आवासीय योजना कोटा क्षेत्रफल 116.13 वर्गमीटर का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। भूखंड संख्या सी-287 इन्द्र विहार आवासीय योजना कोटा क्षेत्रफल 116.13 वर्ग मीटर का आवंटन रीको द्वारा पत्र क्रमांक यू(16)-3(14-7246) दिनांक 26.12.1997 से श्रीमती नीलू बंसल पत्नी श्री मनीष बंसल को किया गया। श्रीमती नीलू बंसल ने जर्ये नोटेरी मुख्तारनामा आम दिनांक 06.07.1999 से श्रीमती आशा चौबे पत्नी श्री सी.आर. चौबे का उक्त भूखंड का मुख्तार आम नियुक्त कर दिया। श्रीमती आशा चौबे ने जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 29.09.2003 से उक्त भूखंड श्री चन्द्र शेखर आर.चौबे पुत्र स्व. श्री राधाकृष्ण चौबे को विक्रय कर दिया। श्री चन्द्रशेखर आर.चौबे ने जर्ये नोटेरी वसीयत दिनांक 23.12.2016 से उक्त भूखंड की वसीयत श्रीमती आशा चौबे पत्नी श्री सी.आर. चौबे (चन्द्रशेखर आर.चौबे) के नाम कर दी। श्री चन्द्र शेखर चौबे की मृत्यु दिनांक 26.06.2017 को हो जाने के उपरांत श्रीमती आशा चौबे द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

कार्यालय ग्राम पंचायत किशनपुरा, पं.स. मांगरोल, जिला बारां (राज.)

क्रमांक/ग्रा.पं.किश./निविदा/2023-24/14-17 दिनांक:-08.09.2023

Notice Inviting Bid

Bid for "Civil Work Construction in Gram Panchayat" area invited from interested bidders upto 6.00 pm on 17.09.2023. Other particulars of the bid may on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state.

Nib no - ZBR2324A0351
UBN NO. ZBR2324WSRC00408

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत किशनपुरा
सरपंच, ग्राम पंचायत किशनपुरा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 2220 जाहिर आम सूचना दिनांक - 11.9.23

आवास संख्या 2/207 गणेश तालाब कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री मूलचन्द शर्मा पुत्र श्री केसरी लाल शर्मा को किया गया। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती उषा सेवानी पत्नी श्री भागचन्द के नाम दिनांक 02.08.2004 को किया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती उषा सेवानी पत्नी श्री भागचन्द की मृत्यु दिनांक 18.08.2022 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिस में इनके पति श्री भागचन्द पुत्र श्री दौलत राम द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये हक त्याग पत्र आलेखित कर दिनांक 03.02.2023 को अपने पुत्रों श्री कमल सेवानी एवं श्री कपिल सेवानी पुत्रान श्री भागचन्द के पक्ष में संयुक्त रुप से किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री कमल सेवानी एवं श्री कपिल सेवानी पुत्रान श्री भागचन्द का नाम हक त्याग पत्र के आधार पर संयुक्त रुप से दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन हक त्याग पत्र के आधार पर श्री कमल सेवानी एवं श्री कपिल सेवानी पुत्रान श्री भागचन्द का नाम संयुक्त रुप से दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन हक त्याग पत्र के आधार पर श्री कमल सेवानी एवं श्री कपिल सेवानी पुत्रान श्री भागचन्द के नाम मंडल अभिलेख में संयुक्त रुप से दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 1970 जाहिर आम सूचना दिनांक - 16.8.23

आवास संख्या 2-डी-34 तलवण्डी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री परमानन्द पुत्र श्री धर्मदास को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती राज कुमारी पत्नी श्री रुप चन्द के नाम दिनांक 28.12.1994 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती राज कुमारी पत्नी श्री रुप चन्द के नाम दिनांक 29.12.1994 को किया गया। पंजीयन उपरांत श्रीमती राज कुमारी पत्नी श्री रुप चन्द द्वारा इस आवास से संबंधित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 16.09.1998 को श्री मुकेश कुमार शर्मा पुत्र श्री जगदीश प्रसाद शर्मा को मुख्तारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री मुकेश कुमार शर्मा पुत्र श्री जगदीश प्रसाद शर्मा द्वारा मुख्तार आम धारक की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 27.06.2000 को श्री गुरमुख दास धनवानी पुत्र श्री आसूदा मल को किया गया। श्री गुरमुख दास धनवानी पुत्र श्री आसूदा मल द्वारा इस आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 11.02.2002 को श्रीमती रोहिनी शर्मा पत्नी श्री सतीश चंद शर्मा को किया गया। श्रीमती रोहिनी शर्मा पत्नी श्री सतीश चंद शर्मा द्वारा इस आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 26.02.2019 को श्री कृष्णकान्त पाण्डेय पुत्र श्री प्यारे लाल पाण्डेय एवं श्रीमती प्रीति शर्मा पत्नी श्री कृष्णकान्त पाण्डेय को संयुक्त रुप से किया गया। श्री कृष्णकान्त पाण्डेय पुत्र श्री प्यारे लाल पाण्डेय एवं श्रीमती प्रीति शर्मा पत्नी श्री कृष्णकान्त पाण्डेय द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में संयुक्त रुप से दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री कृष्णकान्त पाण्डेय पुत्र श्री प्यारे लाल पाण्डेय एवं श्रीमती प्रीति शर्मा पत्नी श्री कृष्णकान्त पाण्डेय के नाम संयुक्त रुप से दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री कृष्णकान्त पाण्डेय पुत्र श्री प्यारे लाल पाण्डेय एवं श्रीमती प्रीति शर्मा पत्नी श्री कृष्णकान्त पाण्डेय का नाम संयुक्त रुप से दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री कृष्णकान्त पाण्डेय पुत्र श्री प्यारे लाल पाण्डेय एवं श्रीमती प्रीति शर्मा पत्नी श्री कृष्णकान्त पाण्डेय का नाम संयुक्त रुप से दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

कार्यालय नगर पालिका भवानीमण्डी, जिला झालावाड़ (राज.)

क्रमांक:-न.पा.भ./लाईट/23/4034 दिनांक:-11.09.2023

निविदा सूचना 04/2023-24 (लाईट शाखा)

सर्वसाधारण एवं समस्त संबंधितों/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पालिका निम्न कार्य की निविदा दिनांक 10.9.2023 को दोपहर 01:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन दोपहर 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र शुल्क जमा करवाकर उसी दिन 12:00 बजे तक प्राप्त कर सकते है। कार्यों से संबंधित शर्ते एवं जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

क्र. स.	नाम कार्य	अनु. रशि (लाखों में)	धरोहर राशि	निविदा फार्म शुल्क
1	बंदा वाले बालाजी मन्दिर पचपहाड हाई मास्क लाईट सप्लाई एण्ड फिक्सिंग कार्य	4.95	10000/-	1000/-
2	दस खोली में काली मॉ माताजी के मन्दिर के पास हाई मास्क लाईट सप्लाई एण्ड फिक्सिंग कार्य	4.95	10000/-	1000/-
3	गोरधन गुर्जर के मकान के पीछे अहिंसा नगर पार्क में हाई मास्क लाईट सप्लाई एण्ड फिक्सिंग कार्य	4.95	10000/-	1000/-
4	वार्ड नं. 28 अकरम भाई लेटर के सामने हाई मास्क लाईट सप्लाई एण्ड फिक्सिंग कार्य	4.95	10000/-	1000/-
5	कल्याणपुरा मस्जिद के सामने हाई मास्क लाईट सप्लाई एण्ड फिक्सिंग कार्य	4.95	10000/-	1000/-

शर्ते :-

1. संवेदक को निविदा कॉपी के साथ रजिस्ट्रेशन की कॉपी, GST सर्टिफिकेट, पेन कार्ड संलग्न करना होगा।
2. बिना कारण बताए निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति/रद्द करने का अधिकार सक्षम अधिकारी नगरपालिका भवानीमण्डी को होगा।
3. लेबर की सुरक्षासंबंधित जिम्मेदारी संवेदक की होगी।
4. कार्य स्थल पर कोई भी दुर्घटना होती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संवेदक की होगी।
5. संवेदक को कार्य से पूर्व, कार्य के दौरान एवं कार्य के पश्चात के फोटो बिल के समय प्रस्तुत करने होंगे।
6. बिड सिक्यूरिटी हेतु 50 रु के स्टाम्प पर (निर्धारित प्रपत्र) को कार्यादेश से पूर्व कार्यालय में जमा करवाना होगा।
7. सशर्त निविदायें मान्य नहीं होगी।
8. दरे जी.एस.टी./मजदूरी/गाड़ी भाड़ा इत्यादि समस्त करो सहित प्रस्तुत करनी होगी।
9. कार्यादेश जारी होने के 15 दिवस के अन्दर सामग्री सप्लाई करना/कार्य प्रारम्भ करना होगा अन्यथा कार्यादेश निरस्त कर दिया जावेगा।

अध्यक्ष, नगर पालिका भवानीमंडी
अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका भवानीमंडी